दैनिक भास्कर

बुरहानपुर 15-07-2025

### संस्कार भारती ने गुरु पूर्णिमा पर किया नटराज पूजन, अग्निशमन कर्मियों का किया सम्मान

# नटराज केवल नृत्य मुद्रा नहीं, ब्रह्मांडीय ऊर्जा के हैं प्रतीक

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

संस्कार भारती जिला इकाई बुरहानपुर के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में भगवान नटराज का पूजन, सेवा व कला क्षेत्र के कर्मियों का सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अथर्व मालवीय द्वारा ध्येय गीत प्रस्तुत कर की गई। समारोह में नेपा लिमिटेड के विपणन विभाग के प्रबंधक प्रशांत कुमार बैथालू, सुरक्षा विभागाध्यक्ष संजय कुमार पवार, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल के साथ संस्था के जिला अध्यक्ष ऋषि मूलतकर ने दीप प्रज्वलित कर भगवान नटराज के तेलचित्र पर माल्यार्पण किया। नेपा लिमिटेड के जनसंपर्क अधिकारी व संस्कार भारती के मंचीय कला प्रमुख संदीप ठाकरे ने कहा नटराज केवल नृत्य मुद्रा नहीं, बल्कि सृजन, स्थिति व संहार की ब्रह्मांडीय ऊर्जा के प्रतीक हैं। उन्होंने बताया स्विटजरलैंड के जिनेवा में स्थित विश्व के सबसे बड़े कण भौतिकी अनुसंधान संस्थान में भगवान नटराज की प्रतिमा स्थापित है, जो यह दर्शाती है कि भारतीय चिंतन व आधुनिक विज्ञान में गहरा साम्य है। संस्कार भारती द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों का सम्मान किया गया। इसमें नेपा लिमिटेड के सुरक्षा विभागाध्यक्ष संजय कुमार पवार का स्वागत संस्था के संतोष परिहार द्वारा, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल का सम्मान संस्था के श्याम ठाकुर द्वारा प्रशस्ति पत्र व श्रीफल भेंट कर किया। जिला अध्यक्ष ऋषि मूलतकर ने कहा वर्षों से अग्नि दुर्घटनाओं में तत्परता से मोर्चा संभालने वाले इन कर्मियों की सेवा निष्ठा को मान्यता देने का यह प्रयास है। नेपा लिमिटेड का समर्पित अग्निशमन दल केवल अपने औद्योगिक परिसर तक सीमित नहीं है, बल्कि जिले में कहीं भी अग्निकांड की स्थिति में तत्क्षण सहायता प्रदान करता है। सुरक्षा विभागाध्यक्ष संजय कुमार पवार ने अपने कार्यानुभव साझा करते हुए बताया जब किसी स्थान पर भयंकर आग लगती है, तब दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य करना कई बार अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि बुरहानपुर की ताप्ती मिल में वर्षों पहले जब भीषण अग्निकांड हुआ था, तब नेपा की दमकल टीम ने प्रेशर पाइप से पीछे की दीवार तोड़कर भीतर प्रवेश किया और मशीनों, सामग्री तथा कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालकर बड़ी हानि को टाला था। नेपा लिमिटेड के विपणन विभाग के प्रबंधक बैथालू का सम्मान संस्था के संदीप शर्मा ने किया। संदीप ठाकरे, ऋषि मूलतकर, गोपाल बोरसे, दुलीचंद दहीभाते, संतोष परिहार, संदीप शर्मा, मंजूषा काले, राजू कोचूरे, अथर्व मालवीय, विशाल महाजन, धर्मेंद्र सोनवने आदि मौजूद थे। अग्निशमन अधिकारी नकुल ने बताया हाल ही में बुरहानपुर की एक निजी फैक्ट्री में लगी आग की घटना के दौरान नेपा लिमिटेड की दमकल सेवा रात 9 बजे से सुबह 7 बजे तक बिना रुके राहत कार्य में लगी रही। ग्राम लोनी में लगी आग की घटना में भी नेपा लिमिटेड ने समय पर पहुंचकर जन-धन की बड़ी हानि को रोका था। संस्था के साहित्य विधा प्रमुख श्याम सिंह ठाकुर ने कहा कि जिला अध्यक्ष मूलतकर के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम सेवा क्षेत्र के कर्मियों को समाज के मंच से जोड़ने की एक अभिनव पहल है। उन्होंने कहा कि अब तक संस्था द्वारा गायन, नृत्य, चित्रकला, रंगोली, साहित्य विधाओं में कार्यरत कलाकारों को सम्मानित करता रहा है, लेकिन इस वर्ष अग्निशमन जैसे जीवनरक्षक क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों को मंच देकर संस्कार भारती ने एक नया और प्रेरणादायक आयाम जोड़ा है।



संस्कार भारती की ओर से अफसर, कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

पत्रिका

संस्कार भारती ने किया आयोजन

**गुरु पूर्णिमा पर नटराज पूजन कर अग्निशमन कर्मियों का किया सम्मान**

# नटराज नृत्य मुद्रा नहीं, बल्कि सृजन, स्थिति व संहार की ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रतीक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बुरहानपुर.** नटराज केवल नृत्य मुद्रा नहीं, बल्कि सृजन, स्थिति और संहार की ब्रह्मांडीय ऊर्जा के प्रतीक हैं। स्विट्जरलैंड के जिनेवा में स्थित विश्व के सबसे बड़े कण भौतिकी अनुसंधान संस्थान में भगवान नटराज की प्रतिमा स्थापित है, जो यह दर्शाती है कि भारतीय चिंतन और आधुनिक विज्ञान में गहरा साम्य है। वहां यह प्रतिमा ऊर्जा के ब्रह्मांडीय नृत्य, का प्रतीक मानी जाती है।

यह बात नेपा लिमिटेड के जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने कही। अवसर था संस्कार भारती के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा पर्व पर भगवान नटराज का पूजन व सेवा और कला क्षेत्र के कर्मियों का सम्मान समारोह का। समारोह में नेपा लिमिटेड के विपणन विभाग के प्रबंधक प्रशांत कुमार बैथालू, सुरक्षा विभागाध्यक्ष संजय कुमार पवार व अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल के साथ संस्था के जिला अध्यक्ष ऋषि मूलतकर ने दीप प्रज्वलित कर भगवान नटराज के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया।




ठाकरे ने कहा कि संस्कार भारती द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों का विशेष रूप से सम्मान किया गया। इसमें नेपा लिमिटेड के सुरक्षा विभागाध्यक्ष संजय कुमार पवार का स्वागत संस्था के संतोष परिहार व अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल का सम्मान संस्था के श्याम ठाकुर ने प्रशस्ति पत्र और श्रीफल भेंट कर किया। जिला अध्यक्ष ऋषि मूलतकर ने कहा कि वर्षों से अग्नि दुर्घटनाओं में तत्परता से मोर्चा संभालने वाले इन कर्मियों की सेवा निष्ठा को मान्यता देने का यह प्रयास है। उन्होंने बताया कि नेपा लिमिटेड का समर्पित अग्निशमन दल केवल अपने औद्योगिक परिसर तक सीमित नहीं है, बल्कि जिले में कहीं भी अग्निकांड की स्थिति में तत्क्षण सहायता प्रदान करता है।

सुरक्षा विभागाध्यक्ष संजय कुमार पवार ने बताया कि जब किसी स्थान पर भयंकर आग लगती है, तब दुर्घटना स्थल पर राहत कार्य करना कई बार चुनौतीपूर्ण होता है। संस्था के साहित्य विद्या प्रमुख श्याम सिंह ठाकुर ने कहा कि जिला अध्यक्ष ऋषि मूलतकर के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम सेवा क्षेत्र के कर्मियों को समाज के मंच से जोडने की एक अभिनव पहल है। इस अवसर पर नेपा लिमिटेड के विपणन विभाग के प्रबंधक प्रशांत कुमार बैथालू का सम्मान संस्था के संदीप शर्मा ने किया। संचालन संदीप ठाकरे ने किया। महामंत्री गोपाल बोरसे, कोषाध्यक्ष दुलीचंद दहीभाते, उपाध्यक्ष संतोष परिहार, मंत्री संदीप शर्मा, चित्रकला विद्या से मंजूषा काले, राजू कोचूरे, अथर्व मालवीय, विशाल महाजन, धर्मेंद्र सोनवने सहित संस्कार भारती परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

15/07/2025 | burahanpur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/